# बाराबंकी समेत तीन शहरों में इलेक्ट्रानिक पार्क बनेंगे



आईडीसी दीपक कुमार, सीएम के सलाहकार अवनीश अवस्थी, केवी राजू गोष्ठी में मौजूद रहे।

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** औद्योगिक विकास आयुक्त दीपक कुमार ने घोषणा की कि निवेश मित्र 3.0 जल्दी ही लॉन्च किया जाएगा, जो सिंगल-विंडो क्लियरेंस को और सरल व त्वरित करेगा और राज्य में औद्योगिक स्थापना एवं व्यवसाय में सुगमता को तेज करेगा। साथ ही उन्होंने बताया कि पीलीभीत, बाराबंकी और गोरखपुर में इलेक्ट्रानिक्स सिस्टम डिजाइन एंड मैन्युफैक्चरिंग पार्क विकसित करने पर सहमति बनी है।

दीपक कुमार ने ये विचार बुधवार को राज्य के वरिष्ठ नीति-निर्माताओं और शीर्ष उद्योगपतियों ने साथ लखनऊ में आयोजित राउंडटेबल में व्यक्त किए। मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी ने वर्ष 2047 तक उत्तर प्रदेश के लिए 6 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर के विज़न को साझा किया और इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटी, मैन्युफैक्चरिंग, पर्यटन में विकास को तेज करने के महत्व पर जोर दिया। मुख्यमंत्री के सलाहकार के.वी. राजू ने राज्य सरकार की निवेशकों को सहज सहयोग प्रदान करने की प्रतिबद्धता को दोहराया।